।। संघ शक्ति कलयुगे ।।

Reg No S-17781



अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा

(AKHIL BHARTIYA TAILIK SAHU MAHASABHA)

CentralOffice:FlatNo.A-29 Dayananda Colony, Lajpat Nagar-NewDelhi110 024.
Sub.Office:RamlalGupta,2/518,VijayKhand,GomtiNagar,Lucknow-226010 (U.P.)
website-www.tailiksahu.org,email-abtsm2015@gmail.com

राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव कार्यालय

श्री मनोहरलाल साहू
मुख्य चुनाव अधिकारी
M-91 +9425169718

श्री भारत भूषण
सहाय्यक चुनाव अधिकारी प्रथम
M-91+9845014797,

श्री सुरेश साहू
सहाय्यक चुनाव अधिकारी द्वितीय
M- 91+9427068611

दिनांक:- 10 नवंबर 2022

प्रतिष्ठा मे,

सममानित सभी संरक्षकगण, सलाहकारगण, राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, प्रदेश अध्यक्षगण, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यगण, विशेष आमंत्रीगण व आजीवन सदस्य गण।

विषय:-चुनाव की तिथि मे संशोधन।

महोदय,

आप सभी को अवगत कराना है कि गुजरात, महाराष्ट्र व हिमाचल प्रदेश से लोगो का फोन आ रहा है कि उनके प्रदेश मे विधानसभा तथा ग्रामपंचायत चुनाव प्रक्रिया चल रही है और इसके बाद सरकार गठन का कार्यक्रम चलेगा, फलस्वरूप इन प्रदेशो से लोग दिनांक 18 दिसंबर 2022 को महाकालेश्वर ऊजैन मे होने वाले चुनाव मे भाग नही ले पायेगे।अतएव चुनाव की तिथि बदल कर आगे की तिथि मे रख दी जाए। जिस पर गम्भीरतापूर्वक विचार किया गया ,और सभी बिन्दुओं को देखते हुए निर्णय लिया गया कि श्री महाकालेश्वर भक्त निवास सभागृह,भारत माता मंदिर के पास उज्जैन मध्यप्रदेश मे ही दिनांक 04 जनवरी 2023 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम व नियम, निर्देश व नियमावली के अनुसार चुनाव सम्पन्न कराया जाए। अतः आप सभी से अनुरोध है कि आप लोग उक्त स्थान, तिथि पर पूर्व मे दिये गए निर्देश व नियमावली का पालन करते हुए चुनाव मे भाग लेने का कष्ट करे और अपनी चाहत के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन करे। चूनाव संबंधी संपूर्ण जानकारी महासभाकी वेबसाइट www.tailiksahu.org पर उपलब्ध हैं।

चुनाव का स्थान, तिथि, तथा पूरे कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार पुनः आपकी जानकारी हेतु प्रेषित है:-

1-कार्यक्रम स्थल- श्री महाकालेश्वर भक्त निवास सभागृह भारत माता मंदिर के पास, उज्जैन मध्यप्रदेश।

2-राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव हेतु नामांकन दिनांक ०४ जनवरी २०२३ को प्रातः ९:०० बजेसे १०:०० बजे तक मुख्य चुनाव अधिकारी को निर्धारित प्रपत्र पर एक प्रस्तावक व एक समर्थक, जिसका नाम मतदाता सूची मे है, से हस्ताक्षर कराकर प्रस्तुत करना है।

3-नामांकन की जांच प्रातः १०:०० बजेसे १0:३० बजेतक होगी

4-राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक।

5-राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अगर एक से अधिक है तो नाम वापस लेने का समय प्रातः 11:30 बजेसे 12:15 बजे तक होगा।

6-राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव-12:30 बजे से 13:30 बजे तक। (अगर एक ही उम्मीदवार है ,तो मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा विजयी उमेदवार की घोषणा एवम राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदन)। अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार है तो नियमानुसार चुनाव।

7-सामान्य सभा की बैठक- 13: 30 बजे से 14: 30 बजे तक (राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर अध्यक्ष के नाम का अनुमोदन)।

8-नव निर्वाचित अध्यक्ष का संबोधन

9-आभार प्रदर्शन तथा बैठक के विसर्जन की घोषणा।

मनोहरलाल साहू
मुख्य चुनाव अधिकारी

उपरोक्त पत्र की प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्रवाई हेतु
प्रेषित:-

1-माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय को।
2-माननीय राष्ट्रीय महासचिव महोदय को ।
3-माननीय राष्ट्रीय अपर महासचिव को।
4- चुनाव अधिकारी प्रथम व द्वितीय को।

मनोहरलाल साहू
मुख्य चुनाव अधिकारी